समाचार

14 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 13 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 14 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 अप्रैल गुरूवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा कुष्ठ आश्रम स्कूल भवन के पास, वार्ड क्र. 16 जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला सामुदायिक भवन आंगनबाड़ी के सामने, वार्ड क्र. 21 कांशीनगर आंगनबाड़ी के पास गांधी पुतला, वार्ड क्र. 32 रिसदी सतनाम नगर जयस्तंभ चौक, वार्ड क्र. 42 बेलगिरी नाला सामुदायिक भवन के पास मितानिन घर के पास, वार्ड क्र. 53 प्रगतिनगर कांशीपारा सतनाम प्रांगण के पास, वार्ड क्र. 60 बरपाली आंगनबाड़ी के पास, वार्ड क्र. 64 कटाईनार बस स्टैण्ड के पास कैम्प लगाए जाएंगे।